हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 19 अप्रैल 2026

06 भगवान परशुराम की मूर्ति व झांकियां रहेंगी यात्रा...

09 अतिक्रमण पर कार्रवाई नहीं तो धरना प्रदर्शन की...




## खबर संक्षेप में

### कलेक्टर ने जिले के स्कूलों के समय में किया परिवर्तन

**नलखेड़ा।** जिले में लगातार बढ़ते तापमान एवं लू से विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर पढ़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव के दृष्टिगत कलेक्टर प्रीति यादव द्वारा जिले की समस्त शासकीय, अशासकीय, आंगनवाड़ी, सीबीएसई एवं अन्य सभी बोर्ड से संबद्ध शैक्षणिक संस्थाओं में कक्षाओं के संचालन का समय परिवर्तित किया गया है। जारी आदेशानुसार नर्सरी से लेकर हायर सेकंडरी तक की सभी कक्षाएं अब प्रातः 7:15 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक संचालित की जाएंगी। यह व्यवस्था 30 अप्रैल 2026 तक प्रभावी रहेगी।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को मिला बहुउपयोगी वाहन

**सीहोर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पूरे प्रदेश में बहुउपयोगी वाहन प्रदान किये गये है, जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर को भी वाहन प्राप्त हुआ है। इस वाहन के माध्यम से दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में विधिक साक्षरता कार्यक्रमों एवं विधिक सेवा गतिविधियों के संचालन में और अधिक गति एवं सुगमता प्राप्त होगी एवं विधिक सेवा योजनाओं का क्रियान्वयन अधिक सरलता से संपादित किया जा सकेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वाहन के लिए 1 वाहन चालक तथा लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए 1 कार्यालय भृत्य की संविदा आधार पर नियुक्ती किए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अभ्यर्थी 30 अप्रैल शाम 5:30 बजे तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### पीएनजी विस्तार के लिए कैंप लगाने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**सीहोर।** खाद्य विभाग एवं सीजीडी कंपनियों द्वारा पीएनजी कनेक्शन के लिए पाइप नेटवर्क बिछाने, पीएनजी के नेटवर्क का विस्तार करने, पीएनजी के कनेक्शन हेतु उपभोक्ताओं को प्रेरित करने तथा पीएनजी के लाभ से अवगत कराने शिविर का आयोजन करने के निर्देश दिए हैं।

### दो बाइकों की टक्कर, एक की मौत, दूसरा गंभीर घायल

**सीहोर।** जिले के इछावर थाना क्षेत्र में बीती रात एक सड़क हादसा हुआ। दो बाइकों की सीधी भिड़ंत में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। यह दुर्घटना इछावर के सीताराम ढाबे के पास हुई। जानकारी के अनुसार, दो तेज रफ्तार बाइकें अनियंत्रित होकर आपस में टकरा गईं। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार रोहित की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दूसरे बाइक सवार की हालत गंभीर : हादसे में दूसरा बाइक सवार ललित गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सीहोर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। उसकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। सूचना मिलने पर इछावर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मर्ग कायम कर लिया है और मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

### पति को न्याय दिलाने के लिए एसपी आफिस के बाहर धरने पर बैठी पत्नी

**सीहोर।** आरोपियों की नामजद शिकायत के बाद भी कोतवाली पुलिस ने ब्याजखोरों पर कोई कार्रवाई नहीं की। सूदखौरों की धमकियों और गुंडगंर्दी से प्रतांड़ित महिला एसपी कार्यालय में शुक्रवार दोपहर में धरने पर बैठ गई। महिला ने बेनर पोस्टर तख्तियों पर आरोपियों के नाम लिखकर आक्रोश व्यक्त किया। महिला ने अपने पति को आत्महत्या के लिए उकसाने वाले ब्याजखोरो को गिरफ्तार करने की मांग की।

---

अवैध खनन व परिवहन के लिए बदनाम हो चुका जिला, खनिज विभाग की लापरवाही हो रही उजागर

# अवैध खनन में सीहोर प्रदेश में 'नंबर वन', माफिया ने छलनी किया नदी, तालाब और पहाड़ों का सीना

**एक साल में दर्ज हुए 426 केस, मुख्यालय के पास बरखेड़ी तालाब से निकाल ली 2000 डंपर मुरुम, काले पहाड़ का भी बदला स्वरूप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर




राजधानी भोपाल के बेहद करीब स्थित सीहोर जिले में प्राकृतिक संपदा की खुलेआम लूट मची है। प्रशासन के तमाम दावों और सख्त निर्देशों को ठेंगा दिखाते हुए खनिज माफिया ने जिले की नदियों, तालाबों और पहाड़ों को अपना निशाना बना लिया है। हाल ही में जारी आंकड़ों ने इस भयावह स्थिति की पुष्टि कर दी है, जिसके मुताबिक अवैध उत्खनन के मामले में सीहोर जिला पूरे मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान पर पहुंच गया है। बता दें जिले में अवैध उत्खनन का सबसे डरावना चेहरा जल स्त्रोतों और पहाड़ों के साथ हो रही छेड़छाड़ में नजर आ रहा है। जिला मुख्यालय से महज 8 किलोमीटर दूर स्थित बरखेड़ी तालाब इसका ताजा उदाहरण है। ग्रामीणों के अनुसार इस तालाब से अब तक करीब 2000 डंपर मुरुम निकाली जा चुकी है। इस अंधाधुंध खुदाई से तालाब का प्राकृतिक स्वरूप पूरी तरह बिगड़ चुका है, जिससे आने वाले समय में जल संकट गहराने की आशंका है। यही हाल पहाड़ों का भी है। मुख्यालय के समीप स्थित काले पहाड़ पर माफिया का कब्जा है, जहां दिन-रात अवैध उत्खनन जारी है। माफिया न केवल पत्थरों का दोहन कर रहे हैं, बल्कि मुख्यालय के आसपास की अन्य पहाडियों को भी काटकर समतल किया जा रहा है। यदि यही रफ्तार रही तो जिले का भौगोलिक नक्शा बदलने में देर नहीं लगेगी।

### आंकड़ों में देखें माफिया राज

अप्रैल 2025 से मार्च 2026 के बीच की रिपोर्ट बताती है कि सीहोर अवैध उत्खनन का 'हब' बन चुका है। साल भर में जिले में 426 केस दर्ज किए गए और 1.94 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूला गया। हालांकि जुर्माने के बावजूद माफिया के हौसले बुलंद हैं क्योंकि अवैध कारोबार से होने वाली कमाई इस जुर्माने से कहीं अधिक है।

### नर्मदा की लहरों पर मशीनों का पहरा

रेत माफिया ने नर्मदा तटों को भी नहीं बख्शा है। वीआईपी जिले का तमगा होने के बावजूद नर्मदा के घाटों पर बड़ी-बड़ी मशीनों से रेत निकाली जा रही है। पर्यावरणप्रमियों का कहना है कि नदियों के किनारों और पहाड़ों के साथ हो रही यह छेड़छाड़ आने वाली पीढ़ी के लिए विनाशकारी साबित होगी।

### शिवराज की 'पेन ड्राइव' वाली चेतावनी भी बेअसर

*गौरतलब है कि जिले में बढ़ते अवैध उत्खनन को लेकर केंद्रीय कृषि मंत्री और क्षेत्रीय सांसद शिवराज सिंह चौहान भी दिशा की बैठक में अपना गुस्सा जाहिर कर चुके हैं। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा था कि अवैध उत्खनन में शामिल लोगों और उन्हें संरक्षण देने वाले अफसरों की पूरी कुंडली उनके पास 'पेन ड्राइव' में मौजूद है।*




### प्रदेश के टॉप.10 जिलों का रिपोर्ट कार्ड

- सीहोर : 426 केस, जुर्माना 1.94 करोड़
- छिंदवाड़ा : 410 केस, जुर्माना 1.67 करोड़
- ग्वालियर : 375 केस, जुर्माना 6 .98 करोड़
- नर्मदापुरम : 320 केस, जुर्माना 1.2 करोड़
- सिंगरौली : 284 केस जुर्माना 2 .04 करोड़
- बालाघाट : 278 केस, जुर्माना 1.17 करोड़
- छतरपुर : 271 केस, जुर्माना 0 .995 करोड़
- भिंड : 238 केस, जुर्माना 5 .15 करोड़
- नीमच : 231 केस, जुर्माना 1.78 करोड़
- बड़वानी : 230 केस, जुर्माना 1.33 करोड़

---

# घर के कमरे में मिला महिला का अधजला शव, मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

## पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

थानांतर्गत ग्राम अन्तरालिया में एक महिला का अधजला शव मिलने के बाद सनसनी फैल गई। मायके वालों ने महिला के ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने घर को सील कर एफएसएल टीम को बुलाया है। महिला की पोस्टमार्टम रिपोर्ट व पुलिस जांच के बाद मौत के कारणों का खुलासा होने की संभावना है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात्रि लगभग 8.30 बजे थानांतर्गत ग्राम अन्तरालिया में एक महिला का अधजला शव मिलने की सूचना प्राप्त होने के बाद पुलिस बल मौके पर पहुंचा। जहाँ अपने ही घर के एक कमरे में एक महिला का अधजला शव मिला। जिसकी पहचान रामकला बाई पति रतनलाल गिरी (43) के रूप में हुई। महिला के मायके पक्ष से मौके पर उपस्थित एवं पुलिस को सूचनाकर्ता हरिओम गोस्वामी पिता राकेश गोस्वामी निवासी पिड़ावा ने ससुराल पक्ष द्वारा महिला की हत्या करने की आशंका जताई गई। मामला संदिग्ध होने के चलते एवं मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने पूरे घर को सील कर दिया है। साथ ही फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) टीम को भी जांच के लिए बुलाया गया है, जो घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्रित करेगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और एफएसएल जांच के बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। वहीं मायके पक्ष ने मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

**इनका कहना है...**

घटना की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस द्वारा साक्ष्य जुटाकर मामले की बारीकी से जांच की जा रही है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

**नागेश यादव, थाना प्रभारी नलखेड़ा**

---

मुख्यमंत्री को दूसरी बार लिखा पत्र

# शिक्षकों की पात्रता परीक्षा को लेकर पूर्व विधायक ने लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

बीजेपी के पूर्व विधायक मुरलीधर पाटीदार ने शिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर सीएम मोहन यादव को दूसरी बार पत्र लिखा है इसके पूर्व भी इस संबंध में पत्र दे चुके हैं। इस बार उन्होंने पत्र में लिखा कि फैसला नहीं बदला तो होगा आंदोलन, इसी मांग को लेकर शनिवार को राजधानी भोपाल में शिक्षकों का बड़ा प्रदर्शन भी हुआ।

पूर्व विधायक पाटीदार ने मुख्यमंत्री को लिखे अपने पत्र में बताया कि वर्षों से कार्यरत शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता से छूट प्रदान करने बाबत पूर्व में भी उनके द्वारा पत्र लिखा जा चुका है। पुनः इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री से निवेदन किया कि शिक्षा के अधिकार अधिनियम के अनुक्रम में वर्षों से पूर्ण निष्ठा भाव से अध्यापन करा रहे मध्यप्रदेश के लाखों शिक्षकों की भूतलक्षी प्रभाव में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के क्रम में शिक्षक पात्रता परीक्षा लिए जाने की तैयारी की जा रही है। मेरे द्वारा पूर्व निवेदन पत्र क्रमांक / 129 दिनांक 10/ 3/2026 से आपको निवेदन कर अवगत कराया था कि इस निर्णय से शिक्षक समाज आंदोलित होगा और आज यह स्थिति निर्मित हो चुकी है। इस मामले में पुनः अनुरोध किया कि



प्रथम तो प्रभावी ढंग से माननीय सर्वोच्च न्यायालय में रिव्यू पिटीशन राज्य शासन की ओर से दायर की जाए एवं वर्षों से अध्यापन करा रहे शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा से छूट प्रदान की जाए। न्यायालय शासन के द्वारा बनाए गए कानून का पालन करवाने हेतु प्रतिबद्ध होती है, परंतु यह शासन का भी दायित्व है कि कानून के क्रियान्वन में यदि व्यावहारिक समस्या आए तो क्रियान्वयन इकाइयों के सभी घटकों के हितों की को सुरक्षित करते हुए यदि आवश्यकता हो तो कानूनों में संवैधानिक प्रक्रिया से बदलाव भी किया जाए। उन्होंने पत्र में बताया कि इस वर्ष का बोर्ड परीक्षा परिणाम शासकीय शिक्षकों की कर्मणता, लग्नशीलता एवं योग्यता का स्वप्रमाण है जिसकी प्रशंसा आप स्वयं भी कर रहे हैं। तो क्या यह प्रश्न नहीं है कि वर्षों से अध्यापन करा रहे शिक्षकों की पात्रता परीक्षा लिया जाना न केवल शासन व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह है अपितु शिक्षक जैसी गरिमामयी ओहदे पर अपमानजनक टिप्पणी भी है। पाटीदार ने अनुरोध किया कि वर्षों से सेवारत किसी भी शिक्षक को पात्रता परीक्षा न देनी पढ़े इसके लिए पूर्व संवैधानिक प्रयास सही नियत से किए जाए एवं किसी भी स्थिति से शिक्षकों की पात्रता परीक्षा न ली जाए।

---

नगर में निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा

# मां बगलामुखी प्रकटोत्सव नगर गौरव दिवस पर होंगे विभिन्न आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

मां बगलामुखी प्रकटोत्सव को लेकर मंदिर पर विशेष तैयारियां प्रारंभ हो चुकी हैं। सम्पूर्ण मंदिर व परिसर को विद्युत रोशनी से सजाया जाएगा। प्राकट्य दिवस पर मंदिर व गर्भगृह को ताजा फूलों से सजाया जाएगा। सम्पूर्ण मंदिर परिसर व मंदिर के बाहर आकर्षक रंगोलियां बनाई जाएंगी। मां बगलामुखी प्रकोटोत्सव एवं नगर गौरव दिवस पर 24 अप्रैल को विभिन्न आयोजन होंगे। प्रातः 10 बजे से माता रानी का अभिषेक होगा। दोपहर 12 बजे माता रानी को छप्पन भोग लगाकर महाआरती होगी।

मां बगलामुखी प्रकटोत्सव नगर गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिसको लेकर नगर परिषद द्वारा सायं 4 बजे से एक भव्य शोभायात्रा निकाली जावेगी। शोभायात्रा में कई आकर्षण के केंद्र शामिल रहेंगे। शोभायात्रा चौक बाजार से गणेश चौराहा, शिवाजी चौराहा, मां बगलामुखी मार्ग,बगलामुखी चौराहा होते हुवे मां बगलामुखी मंदिर पहुंचेगी जहां माता रानी की महाआरती



होगी। इस दौरान आकर्षक आतिशबाजी की जाएगी। नगर गौरव दिवस के उपलक्ष्य में ही रात्रि में मां बगलामुखी मंदिर प्रांगण में नगर परिषद द्वारा प्रतिभाओं का सम्मान किया जावेगा। पीताम्बरा सेवा समिति द्वारा इस मौके पर लाभार्थी के सहयोग से भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

### नगर को दुल्हन की तरह सजाने की तैयारी

मां बगलामुखी प्रकटोत्सव नगर गौरव दिवस के अवसर पर निकलने वाली शोभायात्रा के स्वागत के लिए नगर को दुल्हन की तरह सजाए जाने की तैयारी की जा रही है। केशरिया पताकाओं के साथ स्थान स्थान पर तोरणद्वार सजाए जाएंगे।

### सुबह 10 से रात्रि 10 तक रहेंगे हवन बंद

मां बगलामुखी प्राकट्य उत्सव के आयोजनों के चलते 24 अप्रैल को मंदिर परिसर में सुबह 10 से रात्रि 10 बजे तक हवन अनुष्ठान बंद रहेंगे। रात्रि 10 बजे बाद सम्पूर्ण रात्रि हवन अनुष्ठान होंगे। मां बगलामुखी प्राकट्य दिवस पर माता रानी के दर्शन हेतु पट प्रातः 6 बजे से रात्रि 11 बजे तक खुले रहेंगे।

---

# नदी में छाई जलकुंभी, पानी की सतह हुई हरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

मां बगलामुखी मंदिर के पीछे स्थित लखुंदर नदी में जलकुंभी छा गई है जिसके कारण नदी के पानी की सतह हरी दिखाई दे रही है। जिम्मेदारों को ध्यान देकर जलकुंभी साफ कराने की आवश्यकता है। बगलामुखी मंदिर पर प्रतिदिन हजारों दर्शनार्थी पहुंचते है। इन दर्शनार्थियों में से अधिकांश मंदिर के पीछे बहने वाली लखुंदर नदी का नजारा देखने भी पहुंचते हैं। वर्तमान में मंदिर के पीछे लखुंदर नदी के पानी में जलकुंभी आ गई है। जिसके कारण नदी के पानी की सम्पूर्ण सतह हरी दिखाई दे रही है। नदी में छाई जलकुंभी नदी पर पहुंचने वाले दर्शनार्थियों की आंखों में खटकने के साथ ही नदी की स्वच्छता पर भी सवाल उठा रही है। वर्तमान समय मे प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान चल रहा है जिसके अंतर्गत जल स्त्रोतों की साफ सफाई व उनका संरक्षण किया जाना है। लेकिन लगता है कि स्थानीय जिम्मेदारों द्वारा उक्त अभियान को कागजों में चलाकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर दी है।

## खबर संक्षेप

### छात्रा पूनम ने भमोरी का नाम किया रोशन




**चापडा।** एमपी बोर्ड की 10 वी की परीक्षा में भमोरी की तीन बेटियों ने नाम रोशन किया है। किसान की लड़की पूनम नरेंद्र जायसवाल ने अच्छी मेहनत करके देवास जिले की प्रवीण्य सूची में अपना नाम दर्ज कराया है। 10 वी में छात्राओं ने 500 में से 488 नंबर लाकर जिले में बागली तहसील के भमोरी गांव का नाम रोशन किया है। टीना लोकेंद्र पाटीदार ने 91. 6% और ऋषिका राजमल चौहान ने 88.95 प्रतिशत लाकर क्षेत्र का मान जिले में बढ़ाया है।

### मोहक ने 10वीं में 94.6 प्रतिशत अंक हासिल



**कांटाफोड़।** ग्राम गोदना के प्रतिभाशाली विद्यार्थी मोहक आस्के ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10वीं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 94.6% प्राप्त कर अपने परिवार एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मोहक, सीताराम आस्के एवं प्रियंका आस्के के सुपुत्र हैं। अंग्रेजी माध्यम से अध्ययनरत मोहक ने अपनी मेहनत, अनुशासन और लगन के दम पर यह उल्लेखनीय सफलता हासिल की।

### नगर की लड़कियों ने बढ़ाया मान

**भौंरासा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस वर्ष 2026 का कक्षा दसवीं परीक्षा परिणाम 85.3% एवं 12वीं की परीक्षा 94% रहा। कक्षा दसवीं में माहेरा खान ने 94% और 12वीं में हर्षिता कुंभकार ने 87. 6% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दसवीं में 52 प्रथम श्रेणी में 12 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। वही 12वीं में 51 प्रथम श्रेणी में 11 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। छात्रों का परिणाम विगत वर्ष से बेहतर रहा। 12 छात्रा लैपटॉप हेतु चयनित हुई है।

### बैंक लूट की घटना के मद्देनज़र पुलिस ने आयोजित की सुरक्षा समीक्षा बैठक

# बैंक सुरक्षा के तहत सुरक्षा गार्डों, सीसीटीवी कैमरों और अलार्म सिस्टम पर दिए निर्देश

बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

सिंगरौली के बैंक ऑफ महाराष्ट्र में दिन दहाड़े हुई डकैती के बाद मध्यप्रदेश पुलिस हाई अलर्ट पर है। शुक्रवार को पांच बदमाशो ने बैंक से 15 करोड़ का सोना और लगभग 20 लाख रुपए की डकैती की थी। बड़ी डकैती के चलते शुक्रवार रात डीजीपी कैलाश मकवाना भी घटना स्थल पर पहुंचे थे। वही डकैतों पर 50 हजार के इनाम की घोषणा भी की गई है। सिंगरौली में हुई बैंक लूट की घटना को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद के निर्देशानुसार शनिवार को देवास पुलिस द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम में बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया,नगर पुलिस अधीश्रक सुमित अग्रवाल एवं उप पुलिस अधीक्षक (एल/आर) बबिता बामनिया उपस्थित रहे। उनके द्वारा जिले के बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक के दौरान बैंक प्रबंधन एवं सुरक्षा गार्डों को निर्देशित किया गया कि वे बैंक परिसर में आने वाले संदिग्ध व्यक्तियों पर सतत निगरानी रखें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। इसके साथ ही बैंक में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की नियमित जांच एवं उनकी कार्यशीलता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, सभी बैंकों को इमरजेंसी अलार्म सिस्टम, फायर सेफ्टी उपकरणों की नियमित चेकिंग करने एवं सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन करने हेतु निर्देशित किया गया। कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से सूचना संकलन में लगे कर्मचारियों एवं बैंक परिसर में डायल-112 नंबर का फ्लेक्स/बैनर अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करने के भी निर्देश दिए गए। पुलिस द्वारा स्पष्ट किया गया कि आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा बैंक सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



# सैटेलाइट सिस्टम में उलझे अन्नदाता हो रहे परेशान

### आंदोलन करने मजबूर होंगे किसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ चापड़ा

सरकार की नीतियों और तकनीकी व्यवस्थाओं के चलते किसानों की परेशानियां कम होने के बजाय लगातार बढ़ती जा रही हैं। रबी सीजन में महंगे दाम पर बीज खरीदकर किसानों ने अच्छी फसल की उम्मीद लगाई थी, लेकिन बाजार में उचित भाव नहीं मिलने से वे आर्थिक संकट में घिर गए हैं। आलू की फसल में भारी नुकसान झेलने के बाद किसानों को गेहूं से उम्मीद थी, लेकिन समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदी में भी उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों का आरोप है कि गेहूं खरीदी के लिए स्लॉट बुकिंग की प्रक्रिया जटिल और तकनीकी खामियों से भरी हुई है।

सैटेलाइट आधारित सत्यापन के कारण कई किसानों के पंजीयन असत्यापित बताए जा रहे हैं, जिससे वे स्लॉट बुक नहीं कर पा रहे हैं। किसान राजेश पाटीदार और कपिल यादव ने बताया कि बार-बार प्रयास करने के बावजूद स्लॉट बुक नहीं हो रहे हैं, जिससे उनकी फसल समर्थन मूल्य पर नहीं तौल पा रही है। मजबूरी में किसानों को मंडियों में कम दाम पर गेहूं बेचना पड़ रहा है। किसान राहुल धनगर ने बताया कि आगामी दिनों में शादी-विवाह का समय शुरू होने वाला है, ऐसे में पैसों की जरूरत रहती है, लेकिन गेहूं नहीं बिक पाने से आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। वहीं किसान गोवर्धन पाटीदार ने सैटेलाइट सिस्टम पर सवाल उठाते हुए कहा कि खेतों में खड़ी फसल नजर नहीं आती, लेकिन अन्य गतिविधियां दर्ज हो जाती हैं, जो समझ से परे है। किसान हुकमचंद पटेल ने सोशल मीडिया पर फसल कटाई प्रयोग और सैटेलाइट आंकड़ों के बीच भारी अंतर उजागर किया।

उनके अनुसार फसल कटाई प्रयोग में प्रति हेक्टेयर 36,607 रुपए का बीमा क्लेम बनता था, जबकि सैटेलाइट आंकड़ों के आधार पर शून्य क्लेम दर्शाया गया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में बागली विकासखंड के पटवारी हल्का नंबर 7 में किए गए फसल कटाई प्रयोग में प्रति हेक्टेयर 183 किलो उत्पादन दर्ज हुआ, जबकि सैटेलाइट सर्वे में 869.400 किलो दिखाया गया, जो वास्तविकता से काफी अलग है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

### लूट की घटना को लेकर पुलिस अलर्ट

**भौरासा।** सिंगरौली में हुई बैंक लूट की घटना को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद के निर्देशानुसार भौरासा थाना प्रभारी अनीता सिंह एवं पुलिस स्टाफ द्वारा भौरासा नगर में स्थित मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक, स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया तथा जिला सहकारी बैंक को चेक किया गया संबंधित बैंक मैनेजर से बैंक की सुरक्षा के संबंध में चर्चा की गई उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। बैंकों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए बैंकों में निरीक्षण के दौरान बैंक मैनेजर एवं सुरक्षा गार्डों को निर्देशित किया गया कि वे बैंक परिसर में आने वाले संदिग्ध व्यक्तियों पर सतत निगरानी रखें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। इसके साथ ही बैंक में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की नियमित जांच एवं उनकी कार्यशीलता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए ।

# सेनथॉम एकेडमी में अग्नि सुरक्षा जागरुकता कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

सेनथॉमएकेडमी, भोपाल रोड के विद्यार्थियों को विद्यालय परिसर में आयोजित एक अग्नि सुरक्षा कार्यशाला के माध्यम से आवश्यक अग्नि सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूक किया गया। कार्यशाला सीआईएसएफ (फायर विंग), बैंक नोट प्रेस द्वारा आयोजित की गई। इंस्पेक्टर वीरेंद्र कुमार एवं हेड कांस्टेबल विक्टर ने छात्रों को आग की छह श्रेणियों के बारे में जानकारी दी तथा प्रत्येक प्रकार की आग को प्रारंभिक अवस्था में नियंत्रित करने के उपयुक्त तरीकों को समझाया। उन्होंने अग्नि आपात स्थितियों में प्राथमिक उपचार (फर्स्ट-एड) के महत्व पर भी विशेष बल दिया। राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह, जो 14 से 20 अप्रैल तक मनाया जाता है, के अंतर्गत आयोजित इस कार्यशाला में एक प्रायोगिक सत्र भी शामिल था, जिसमें छात्रों ने अग्निशामक यंत्रों का प्रभावी उपयोग करना सीखा। सीआईएसएफ की फायर विंग टीम ने छात्रों में अग्नि खतरों के प्रति जागरूकता बढ़ाई और उन्हें आपात स्थितियों में सुरक्षित ढंग से प्रतिक्रिया देने के लिए व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया। इस अवसर पर प्राचार्य




पुनीत उपाध्याय एवं अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित थे।

### कन्नौद एसडीओपी तिवारी प्रथम, हुए पुरस्कृत



**सतवास।** पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद द्वारा प्रथम अनुभाग के रूप में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कन्नौद आदित्य तिवारी को पुरस्कृत किया गया। पुलिस अधीक्षक गेहलोद द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम में अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) जयवीर सिंह भदौरिया,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सौम्या जैन,परिवीक्षाधीन भा.पु.से. आलोक कुमार वर्मा,समस्त एसडीओपी, समस्त थाना/चौकी के प्रभारी एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय की शाखाओं के प्रभारी मौजूद रहे । मार्च माह में प्रथम अनुभाग के रूप में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कन्नौद आदित्य तिवारी को पुरस्कृत किया गया एवं पुरे अनुभाग के पुलिस कर्मियों को बधाई दी गई ।गुरुवार को आयोजित जिला अपराध समीक्षा बैठक में विभिन्न बिंदूओ के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# टेकेदार की लापरवाही से हजारों लीटर पानी बहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चापडा



जल जीवन मिशन के तहत ग्राम पंचायत कमलापुर में चल रहे पेयजल योजना कार्य में गंभीर लापरवाही सामने आई है। ठेकेदार द्वारा घटिया गुणवत्ता से काम किए जाने के कारण आए दिन पाइपलाइन में लीकेज हो रहा है, जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। शुक्रवार दोपहर पंचायत भवन के पास स्थित पेयजल टंकी का मुख्य वाल खराब हो गया, जिससे हजारों लीटर पानी गलियों में बहकर व्यर्थ हो गया। ग्रामीणों कालू राठौर, कालू गुर्जर सहित अन्य ने बताया कि योजना में निर्धारित मापदंडों का पालन नहीं किया गया है, जिसके कारण बार-बार लीकेज की समस्या बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार उक्त वाल को करीब पांच बार बदला जा चुका है, लेकिन हर बार घटिया क्वालिटी का वाल लगाने से समस्या जस की तस बनी हुई है। भीषण गर्मी के बीच जहां लोग पानी के लिए परेशान हैं, वहीं इस तरह पानी का व्यर्थ बहना चिंता का विषय बना हुआ है। गिरधर परमार ने बताया कि कई बार संबंधित विभाग को शिकायत की जा चुकी है, लेकिन ठेकेदार पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। करोड़ों रुपए की योजना में भ्रष्टाचार की आशंका भी ग्रामीणों द्वारा जताई जा रही है। लंबे समय से कार्य अधूरा पड़ा है और गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं। पीएचई विभाग बागली के एसडीओ हेमंत सेठी ने बताया कि ठेकेदार को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में कार्य पूरा करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। मामले की जांच की जाएगी।

# मीठा तालाब पर चला सफाई अभियान, महापौर गीता अग्रवाल ने दिलाई जल संचय की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत शुक्रवार को महापौर गीता अग्रवाल ने विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, उपायुक्त आरती खेड़ेकर, सहायक यंत्री जगदीश वर्मा एवं सामाजिक संस्था तथा स्वच्छता की टीम के साथ मीठा तालाब पर सफाई अभियान चलाया। अभियान के दौरान मीठा तालाब के आसपास फैला कचरा निकाला गया। स्वच्छता की टीम एवं सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों ने तालाब की सफाई में बढ़ चढ़ कर सहयोग दिया। महापौर अग्रवाल ने कहा कि जल संचय को लेकर हम सब मिलकर जल संवर्धन हेतु संकल्पित हैं। उन्होंने 'जल है तो कल है' का संदेश देते हुए उपस्थित जनों को जल संचय की शपथ भी दिलाई। विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल ने कहा कि निगम की स्वच्छता टीम तथा जन सहयोग एवं सामाजिक संस्थाओं, स्कूल संस्थाओं एवं रहवासी संघों के सहयोग से निरंतर जलाशयों, कुओं, बावड़ियों की सफाई की जाएगी। साथ ही जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग लगाने का कार्य भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर जल संचय अभियान का कार्य निरंतर करना है ताकि आने वाली पीढ़ी को अनमोल पानी उपलब्ध हो सके। इस हेतु नगरवासियों से हर घर में रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए जाने की अपील की। इस अवसर पर कार्यालय अधीक्षक रंजीत सिंह पंजाबी, सौरभ त्रिपाठी, स्वच्छता निरीक्षक हरेन्द्र सिंह ठाकुर, शंकर सांगते, विकास सांगते, विजय सांगते, रवि गोयनार, अरुण तोमर, विशाल जोशी, विकास शर्मा, हेमराज सांगते, अजीमुद्दीन शेख आदि सहित आम नागरिक एवं निगम अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### समस्त सर्व ब्राह्मण कल्याण संघ मनाएगा भगवान परशुराम जन्मोत्सव, होंगे आयोजन

# भगवान परशुराम की मूर्ति व झांकियां रहेंगी यात्रा में आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास




समस्त सर्व ब्राह्मण कल्याण संघ देवास द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव को इस वर्ष भव्य रूप से मनाया जाएगा। आयोजन को लेकर नगर के प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के साथ प्रेस वार्ता आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई। प्रेस वार्ता जिलाध्यक्ष पंडित प्रशांत शर्मा एडवोकेट के नेतृत्व में आयोजित हुई। इस दौरान संघ के जिला सचिव देवकीनंदन समाधिया ने पत्रकारों का स्वागत किया तथा कार्यक्रम का संचालन भी किया। जिला अध्यक्ष पंडित प्रशांत शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 19 अप्रैल, रविवार को प्रातः 8:30 बजे चाणक्यपुरी स्थित भगवान परशुराम मंदिर में पूजा-अर्चना, अभिषेक, हवन एवं आरती का आयोजन होगा। शाम 5:00 बजे सिद्धिविनायक गणेश मंदिर परिसर, सयाजी द्वार पर समाज के समस्त ब्राह्मण बंधु, युवा शक्ति एवं मातृशक्ति एकत्रित होंगे। यहां समाज के विभिन्न वर्गों के प्रमुखों का स्वागत-सम्मान किया जाएगा तथा 51,000 रुपये के 11 पुरस्कार सहित अन्य प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसके पश्चात भव्य एवं विशाल शौर्य वाहन यात्रा सयाजी द्वार से प्रारंभ होगी, जिसमें भगवान परशुराम जी की मूर्ति के साथ आकर्षक झांकियां, बैंड एवं भजन मंडलियां शामिल रहेंगी।

यात्रा में मातृशक्ति गणवेश में तथा पुरुष वर्ग वाहन के साथ सहभागिता करेंगे। शौर्य यात्रा एम.जी. रोड, जवाहर चौक, ए.बी. रोड, इंदिरा गांधी चौराहा एवं सिविल लाइन होते हुए चाणक्यपुरी स्थित भगवान परशुराम मंदिर पहुंचेगी, जहां महाआरती का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के समापन पर सनातनी बंधुओं के लिए भोजन प्रसादी (भंडारा) का आयोजन किया गया है। आयोजकों ने समाज के सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। अंत में आभार प्रदर्शन जिला संयोजक अरविंद शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर धर्मेन्द्र मिश्रा, विक्रम शर्मा, यशवंत तिवारी, पंकज प्रधान, दीपक जोशी, हर्ष शास्त्री, लोकेंद्र शुक्ला, भरत शर्मा, राजेन्द्र पारीक सहित अन्य कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

### कामठ जंगल में वन विभाग की बड़ी कार्रवाई, 20 हेक्टेयर भूमि की अतिक्रमण मुक्त



**बागली।** वन परिक्षेत्र बागली के कामठ जंगल (कक्ष क्रमांक 829) में वन विभाग ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 20 हेक्टेयर वन भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया। यह कार्रवाई लगभग 8 घंटे तक चली, जिसमें आधा दर्जन जेसीबी मशीनों का उपयोग किया गया। कार्रवाई के दौरान एसडीओ अंकित जामोद के नेतृत्व में वन विभाग की आठ रेंज का अमला और भारी पुलिस बल मौके पर तैनात रहा। अचानक हुई इस कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया और मौके पर कोई विरोध नहीं हुआ। विभाग ने पूरी भूमि को जेसीबी की मदद से अतिक्रमण मुक्त करा लिया। रेंजर गजानंद बिरला ने बताया कि वर्ष 2012 से इस भूमि पर अवैध रूप से पट्टे लेने के प्रयास किए जा रहे थे। इस दौरान कई बार विवाद की स्थिति बनी, यहां तक कि कुछ मामलों में न्यायालय द्वारा सजा और अर्थदंड भी दिया गया, लेकिन अतिक्रमण जारी रहा। बताया गया कि पहले यहां सागौन का घना जंगल था, जिसे साफ कर खेती योग्य भूमि बना दी गई थी। अब वन विभाग इस मुक्त कराई गई भूमि पर दोबारा पौधारोपण कर हरित क्षेत्र विकसित करेगा। साथ ही कंटूर ट्रेंच निर्माण कर भूजल संवर्धन और भविष्य में अतिक्रमण रोकने के उपाय भी किए जा रहे हैं।

## भीषण गर्मी के बीच तपती सड़क, बिना छांव का इंतजार करने मजबूर लोग

# कुरावर बस स्टैंड पर यात्रियों के लिए न पानी, न प्रतीक्षालय, महिलाएं परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर





स्थानीय बस स्टैंड की मौजूदा हालत "नाम बड़े, दर्शन खोटे" कहावत को पूरी तरह चरितार्थ करती है। भीषण गर्मी के बीच कुरावर बस स्टैंड की तस्वीरें स्थानीय व्यवस्था की पोल खोल रही हैं। मौके पर ली गई तस्वीरों में साफ दिखाई दे रहा है कि बस स्टैंड पर यात्रियों के बैठने के लिए कोई व्यवस्थित प्रतीक्षालय नहीं है और न ही छांव का समुचित इंतजाम। खुले मैदान जैसे इस बस स्टैंड पर यात्री तेज धूप में खड़े होकर बसों का इंतजार करने को मजबूर हैं।

### यात्री इधर-उधन तलाश रहे छांव और पानी

तस्वीरों में एक ओर बसें खड़ी हैं तो दूसरी ओर यात्री इधर-उधर छांव की तलाश में भटकते नजर आ रहे हैं। कहीं दुकानों के सामने थोड़ी सी छाया में लोग खड़े हैं, तो कहीं सड़क किनारे खड़े रहकर बस का इंतजार किया जा रहा है। बस स्टैंड परिसर में न तो शेड नजर आता है और न ही कोई सार्वजनिक पेयजल सुविधा। सबसे गंभीर समस्या तपती दोपहरी में एक पल बैठने के लिए छांव नहीं है वहीं प्यासे कंठ तर करने के लिए पेयजल की व्यवस्था नहीं है। तस्वीरों में कहीं भी पानी की टंकी, छांव या नल की व्यवस्था दिखाई नहीं देती। ऐसे में यात्रियों को या तो महंगे दाम पर पानी खरीदना पड़ता है या फिर प्यासे ही सफर करना पड़ता है। तेज धूप और लू के बीच क्या बड़े क्या बुजुर्ग तो क्या बच्चे सभी के स्वास्थ्य के लिए भी खतरनाक साबित हो सकते है।

### आधा दर्जन जिलों की बसों आना-जाना

कुरावर से भोपाल, सीहोर, गुना, राजगढ़, शुजालपुर, सारंगपुर, उज्जैन और इन्दौर जैसे प्रमुख शहरों के लिए प्रतिदिन 60 से अधिक बसों का संचालन होता है। इन बसों में रोजाना हजारों यात्री छोटे बच्चे, महिलाए व बुजुर्ग सफर करते हैं, लेकिन बुनियादी सुविधाओं का अभाव उनकी यात्रा को कष्टदायक बना रहा है।

### जनप्रतिनिधि और जिम्मेदारों का नहीं ध्यान

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या नई नहीं है। लंबे समय से बस स्टैंड पर सुविधाओं की कमी बनी हुई है, लेकिन जिम्मेदार विभाग और स्थानीय निकाय इस ओर ध्यान नहीं दे रहे। लाखों रुपए की योजनाएं कागजों में तो बनती हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर उनका असर नजर नहीं आता। तस्वीरें यह भी दिखाती हैं कि बस स्टैंड पूरी तरह व्यवस्थित नहीं है कृ कच्चा और धूल भरा परिसर, इधर-उधर खड़े वाहन और अव्यवस्थित दुकानें यहां की स्थिति को और खराब बना रही हैं। यात्रियों और स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है किकुरावर स्टैंड पर शीघ्र छायादार प्रतीक्षालय का निर्माण किया जाए, स्वच्छ पेयजल की स्थायी व्यवस्था की जाए, बसों के लिए व्यवस्थित स्टॉप और प्लेटफॉर्म बनाए जाएं। अब जरूरत है कि जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ कागजी योजनाओं से बाहर निकलकर जमीन पर काम करें, ताकि यात्रियों को इस भीषण गर्मी में राहत मिल सके।

### इनका कहना है

बस स्टैंड की व्यवस्थाओं के लिए टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है, जल्द ही दो-चार दिनों में कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

- श्रीमति बादामबाई चंद्रवंशी, अध्यक्ष नगर परिषद कुरावर।

## मरीजों के साथ शासन को भी लगाया जा रहा चूना

# मरीजों से राशि लेकर सहायता का फंड भी बटोर रहे निजी अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान के तहत गंभीर रूप से बीमार एवं जटिल सर्जरी के तहत भर्ती मरीजों से तत्काल नकद राशि निजी अस्पताल प्रबंधनों द्वारा जमा करवाई जा रही है। लेकिन, इसके साथ ही बाद में संबंधित मरीजों के आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज लेकर इस्टीमेट तैयार कर बाद में मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से भी स्वीकृत करवाकर अस्पताल अपने खातों में डलवा रहे हैं।

जागरुक पेशेंट को उक्त राशि में से कुछ हिस्सा अस्पताल प्रबंधनों द्वारा दिया जा रहा है बाकी की राशि अपने पास ही रखी जा रही है। ऐसे में अस्पताल प्रबंधन प्रसूति, ऑपरेशन, सर्जरी व अन्य बीमारियों के एक ही केस में दो तरफा लाभ ले रहे हैं। एक राशि जो संबंधित मरीज या उनके परिजनों द्वारा अस्पताल के काउन्टर पर नकद जमा करवाई जाती है और दूसरी जो बाद में मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से प्रकरण स्वीकृत होने के उपरान्त संबंधित अस्पताल के बैंक अकाउन्ट में आती है।

### ऐसे हुआ इस फर्जीवाड़े का खुलासा

एक मरीज के परिजन ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि उन्होंने कुछ महीने पहले मुख्यालय के एक निजी अस्पताल में ईलाज करवाया था। ईलाज के लिए उनके द्वारा अस्पताल में नकद राशि का भुगतान किया गया एवं बाद में उनसे आधार कार्ड सहित कुछ अन्य दस्तावेज लिए गए। बाद में जब उन्होंने चेक किया तो मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान की राशि भी अस्पताल के बैंकएकाउन्ट में जारी होने की बात मालूम हुई।

हरिभूमि द्वारा निजी अस्पतालों के इस पूरे फर्जीवाड़े के खुलासे के लिए मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद 2025-26 की वो लिस्ट मुख्यमंत्री सचिवालय से चाही गई है। उक्त लिस्ट प्राप्त होने पर इस पूरे मामले में उन निजी अस्पतालों का खुलासा किया जाएगा जो इसमें लिप्त होकर शासन को चूना लगा रहे है।

राजगढ़ में निजी अस्पतालों के इस कारनामे की बात मुझे भी मालूम हुई है। मैं मय दस्तावेजों के भोपाल पहुंचकर इसकी शिकायत करूंगा।

बापूसिंह तंवर, पूर्व विधायक, राजगढ़

## नरसिंहगढ़ की बेटी आध्या ने रचा सफलता का इतिहास, 96 प्रतिशत के साथ जिले में चौथा स्थान



**नरसिंहगढ़।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10वीं के परिणामों में सेंट जोसफ स्कूल की छात्रा आध्या शर्मा ने 96 प्रतिषत अंक प्राप्त कर जिले में चैथा स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि से पूरे नगर में हर्ष का माहौल है।आध्या ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, शिक्षकों और नियमित सेल्फ स्टडी व रिवीजन को दिया। परिणाम घोषित होते ही स्कूल में जश्न मनाया गया और प्राचार्य ने सम्मानित करते हुए उसे अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बताया। परिजनों व नगरवासियों ने घर पहुंचकर बधाई दी। पिता पं. दिलीप शर्मा ने बेटी की इस सफलता पर गर्व जताते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## ज्योति कॉन्वेंट स्कूल के छात्रों ने 10वीं में लहराया सफलता का परचम







**ब्यावरा।** केन्द्रीय माध्यमिक षिक्षा बोर्ड द्वारा विगत दिनो घोषित किए कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणामों में नगर के ज्योति कॉन्वेंट स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय के आदित्य कुमार पिता सुनील कुमार ने 96.80 प्रतिषत अंकों के साथ विद्यालय के साथ ब्यावरा नगर में 'प्रथम' स्थान प्राप्त किया। वहीं 'प्रथमेश गुप्ता पिता गौरव गुप्ता ने 95.प्रतिषत अंक अर्जित कर 'द्वितीय' स्थान तथा 'अक्षत यादव पिता विजेन्द्र यादव ने 94.60 प्रतिषत अंकों के साथ 'तृतीय' स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधक फादर जोस, प्राचार्य अब्राहम सीएम ने सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। विद्यालय प्रबंधन ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## महाविद्यालय में महिला आरक्षण पर कार्यशाला की गई आयोजित



**जीरापुर।** शासकीय महाविद्यालय में महिला आरक्षण पर कार्यशाला आयोजित हुई। इस दौरान शासकीय महाविद्यालय के अलग-अलग वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में महिला आरक्षण एवं लोकसभा एवं राज्यो की विधान सभाओं में महिला आरक्षण पर विचार प्रस्तुत किए। प्रभारी प्राचार्य डॉ हिमांशु चाष्टा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी दी गई। संयोजक मुकेश कुमार सेन , डा. वंदना चुटेल पुष्पेंद्र अहिरवार ने विद्यार्थियों को महिला आरक्षण एवं महिलाओ की सहभागिता के संबंध , नारी शक्ति के समान अधिकार व आरक्षण , नारी शक्ति वंदना पर व्याख्यान दिया। इस अवसर पर दिव्यांश शर्मा, हेमेंद्र फौजदार, डॉ रीना पाटीदार, डॉ रश्मि सोनी, भुवनेश गुप्ता, पितरूस धुर्वे, डॉ ओम प्रकाश गुप्ता,, एस एल दांगी, रोहित मालवीय, केतन गुप्ता एवं समस्त स्टाफ तथा छात्र छात्राए उपस्थित रहे।

# सीएमएचओ ने 50 हजार मांगे, 30 पहले लिए, बाकी 20 लेते रंगेहाथों हुईं गिरफ्तार

## राजगढ़ में भोपाल लोकायुक्त ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के स्वास्थ्य विभाग की सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल शुक्रवार देर शाम लोकायुक्त डीएसपी के नेतृत्व में बनी टीम द्वारा 20 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा गई। उक्त कार्यवाही के बाद सीएमएचओ की तबियत अचानक बिगड़ने पर उन्हें बंगले के पास ही स्तिथ जिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया। लोकायुक्त ने भी मानवीय आधार पर चिकित्सा में कोई व्यवधान नहीं होने दिया। लोकायुक्त भोपाल डीएसपी ने बताया की हरिओम अहिरवाल निवासी भोपाल ने शिकायत की थी की उनके द्वारा सुविधा डायगोनोस्टिक संचालित किया जाता है। पूर्व के डॉक्टर द्वारा हटाए जाने पर रेडियोलोजिस्ट के रूप में पदस्थ करवाने के लिए नियमानुसार दस्तावेज जमा करवाए लेकिन



सीएमएचओ द्वारा अप्रूवल के लिए 50 हजार रुपए की डिमांड की जा रही थी। इस राशि में से 30 हजार रुपए शिकायतकर्ता द्वारा दिए जा चुके थे लेकिन और ज्यादा डिमांड बड़ने पर उनके द्वारा लोकायुक्त एसपी दुर्गेश कुमार से शिकायत की गई।

# कलेक्टर, एसपी ने मेघावी बच्चों को सम्मानित कर जाने फ्यूचर प्लान

## प्रावीण्य सूची में आए विद्यार्थी प्रशासन ने किए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा गत दिवस घोषित हाईस्कूल एवं हायर सेकन्ड्री परीक्षा परिणामों में प्रावीण्य सूची में आने वाले छात्र-छात्राओं को शुक्रवार दोपहर प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने सभी विद्यार्थियों से उनके भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करते हुए उन्हें मार्गदर्शित किया।

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि यह सफलता उनके(विद्यार्थियों) के परिश्रम, अनुशासन एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी प्रकार लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करते रहने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने उन विद्यार्थियों का भी उत्साहवर्धन किया, जो किसी कारणवश अपेक्षित सफलता प्राप्त नहीं कर सके या जिल्हें कम अंक प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि निराश होने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि अधिक मेहनत और



दृढ़ संकल्प के साथ पुनः प्रयास करें। शासन द्वारा दिए जा रहे आगामी अवसर का लाभ उठाकर बेहतर प्रदर्शन कर अग्रणी स्थान प्राप्त किया जा सकता है।

### शिक्षा ही सफलता की मजबूत आधारशिलाः एसपी

पुलिस अधीक्षक श्री अमित तोलानी ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा ही सफलता की सबसे मजबूत आधारशिला है और युवा अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहें।

## स्वगणना प्रक्रिया हुई प्रारंभ



**जीरापुर।** भारत की जनगणना 2026-27 अंतर्गत प्रदेश में 16 अप्रैल 2026 से 30 अप्रैल 2026 तक स्वगणना की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। स्वगणना के तहत नागरिक घर बैठे अपने मोबाइल द्वारा ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपनी और अपने परिवार के सदस्यों की जानकारी दर्ज कर सकते हैं, इसी क्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा , कमल भावसार , नीरज मालवीय , ईश्वर राठौर , मनीष कौशिक के द्वारा 16 अप्रैल को विधायक हजारीलाल दांगी और नगर परिषद अध्यक्ष अनुसुइया पवन कुशवाह , हेमन्त जोशी के निवास पर जाकर उनकी स्वगणना करवाई गई , विधायक हजारीलाल दांगी द्वारा वीडियो क्लिप के माध्यम से नागरिकों से अपनी स्वगणना करने और अन्य लोगों को भी स्वगणना करने हेतु प्रेरित किया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा द्वारा जानकारी दी गई कि दिनांक 16 अप्रैल को निकाय के वार्ड प्रभारी को स्वगणना हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया गया है , वार्ड प्रभारी 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक नगर में अपने अपने वार्डो में जाकर नागरिकों को स्वगणना करने हेतु प्रेरित करेंगे और स्वगणना करवाने में उनका सहयोग करेंगे , नागरिक भी वार्ड प्रभारियों को सही जानकारी उपलब्ध करवा कर राष्ट्रीय कार्य में सहभागी बने।

## जनगणना अभियान का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों ने की स्व-गणना



**नरसिंहगढ़।** भारत सरकार के जनगणना अभियान के अंतर्गत तहसील एवं नगरीय क्षेत्र नरसिंहगढ़ में शुक्रवार को स्व-गणना प्रक्रिया का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस दौरान विधायक मोहन शर्मा एवं नगर पालिका अध्यक्ष कविता वर्मा विशेष रूप से मौजूद थे। अभियान की शुरुआत में दोनों जनप्रतिनिधियों ने स्वयं स्व-गणना कर नागरिकों को इस प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर विधायक शर्मा ने कहा कि स्व-गणना की सुविधा से नागरिक डिजिटल माध्यम से स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं, जिससे आंकड़ों की पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित होगी। वहीं नपाध्यक्ष वर्मा ने इसे राष्ट्रीय महत्व का अभियान बताते हुए सभी नागरिकों से सक्रिय सहभागिता की अपील की। पगौरतलब है की स्व-गणना की अवधि 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक निर्धारित की गई है। इसके पश्चात 1 मई से 30 मई तक मकान सूचीकरण का कार्य किया जाएगा। जनगणना 2027 के तहत मकान सूचीकरण के लिए प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण प्रदान कर ब्लॉक आवंटन किए जा चुके हैं। प्रशिक्षण के दौरान कर्मचारियों को घर-घर जाकर प्रत्येक परिवार एवं मकान की गणना करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। तहसील स्तर पर चार चरणों में आयोजित प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स कौशल किशोर पारीक, कौशल शर्मा, दिनेश गवली, दिलीप साहू, अमित बंधु, प्रकाश सिंह तोमर, राकेश जैन, सुनील सक्सेना, मोहित गोदानिया, दीपक शाक्यवार एवं ओम प्रकाश वैष्णव ने मार्गदर्शन दिया।

## विधायक ने कराई जनगणना की शुरुआत बोले- हर नागरिक की भागीदारी जरूरी



**कुरावर।** केंद्र व प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार नगर में गुरुवार शाम से जनगणना कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। जिला कलेक्टर गिरीश मिश्रा के निर्देशन में शुरू हुए इस अभियान की शुरुआत क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा ने की। शुभारंभ अवसर पर विधायक मोहन शर्मा ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि जनगणना सिर्फ एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश के विकास की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि हर नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझते हुए इसमें सक्रिय भागीदारी निभाए और ऑनलाइन माध्यम से जनगणना फॉर्म भरकर शासन के इस महत्वपूर्ण अभियान को सफल बनाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनगणना के आंकड़े ही भविष्य की योजनाओं और सुविधाओं की दिशा तय करते हैं, इसलिए सही जानकारी देना हर व्यक्ति का कर्तव्य है। कार्यक्रम में प्रशासनिक अमले की उपस्थिति भी देखने को मिली। एसडीएम सुशील कुमार, तहसीलदार अंगारिका कनौजिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी लीलाधर सेन, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई, मोती सिंह दरबार सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे। प्रशासन ने बताया कि जनगणना को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और इसे चरणबद्ध तरीके से संचालित किया जाएगा, ताकि हर व्यक्ति तक पहुंच सुनिश्चित की जा सके।

## विधायक दांगी ने दी ग्राम पंचायत गूगाहेडा व बरखेड़ा भोजा को 20-20 लाख की आर सीसी रोड़ की सौगात



**खिलचीपुर।** विधायक हजारीलाल दांगी ने विधानसभा के ग्राम गुगाहेड़ा जनपद पंचायत खिलचीपुर में 20 लाख रुपये का सीसी सड़क और 3.20 रु का जनपद स्तरीय मद से स्टापडेम मरम्मत कार्य का भूमि पूजन किया। ग्राम बरखेड़ाभोजा जनपद पंचायत खिलचीपुर में 20 लाख रु की सीसी सड़क, 5 लाख का सामुदायिक भवन का भूमि पूजन एवं 2.5 की शमशान के रास्ते सीसी निर्माण का लोकार्पण किया गया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, सरपंचगण, जनपद सदस्य एवम बड़ी संख्या मे ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## जनहानि रोकने पुलिसकर्मियों को बताए आग से बचाव के तरीके

### पुलिस परेड ग्राउंड में आपदा प्रबंधन डेमो का हुआ आयोजन



**राजगढ़।** मुख्यालय स्थित पुलिस परेड में शुक्रवार सुबह नियमित परेड उपरान्त उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को होमगार्ड के दक्ष कर्मचारियों द्वारा आगजनी रोकने के विभिन्न तरीके बताए गए। इस कर्मचारियों को बताया गया कि किस तरह फायर ब्रिगेड के पहुंचने के पहले जनहानि को रोकने विभिन्न तरीकों से आग पर काबू पाया जा सकता है। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी भी उक्त डेमो क्लास में पहुंचे और अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करते हुए आपदा प्रबंधन विषय पर काफी कुछ बताया। इस दौरान एडिशनल एसपी के.एल. बंजारी सहित विभिन्न अनुभागों के एसडीओपी भी उपस्थित रहे। इस दौरान एसपी श्री तोलानी द्वारा उत्कृष्ट टर्न आउट एवं सराहनीय प्रदर्शन करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कृत किया गया। साथ ही समस्त पुलिस बल को अनुशासन, सतर्कता एवं कर्तव्यनिष्ठा बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। परेड के उपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस बल को फील्ड ड्यूटी के दौरान आने वाली चुनौतियों के प्रभावी समाधान हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। नियमित परेड के लाभ एवं उद्धेश्यों पर प्रकाश डाला।

# सुठालिया में जल्द बनेगा आधुनिक खेल स्टेडियम राज्यमंत्री पंवार ने निरीक्षण कर दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

विधानसभा के अंतर्गत आने वाले महत्वपूर्ण क्षेत्र सुठालिया में खेल सुविधाओं को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया जा रहा है। यहां शीघ्र ही एक नवीन और आधुनिक खेल स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। इसी क्रम में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग श्री नारायण सिंह पंवार ने अधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**युवाओं की खेल प्रतिभा को निखारने के लिए खेल अधोसंरचना की जरूरतः** निरीक्षण के दौरान राज्यमंत्री श्री



पंवार ने कहा कि सुठालिया क्षेत्र में युवाओं की खेल प्रतिभा को निखारने के लिए एक बेहतर खेल अधोसंरचना की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। इसी को ध्यान में रखते हुए स्टेडियम निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। उन्होंने बताया कि परियोजना की प्रशासनिक प्रक्रिया तेजी से चल रही है और जल्द ही इसकी स्वीकृति प्राप्त होने की संभावना है। उन्होंने यह भी कहा कि आज का निरीक्षण इस उद्देश्य से किया गया है कि स्टेडियम के लिए उपयुक्त और मानकों के अनुरूप भूमि का चयन किया जा सके, ताकि भविष्य में यहां राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं विकसित की जा सकें। जहां भी भूमि सभी आवश्यक मापदंडों पर खरी उतरेगी, वहीं स्टेडियम का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए अनेक ऐतिहासिक पहल की गई हैं। 'खेलो इंडिया' जैसे अभियान के माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को आगे लाने का कार्य हो रहा है। वहीं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में भी खेल अधोसंरचना को मजबूत करने, खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने और नई खेल सुविधाएं विकसित करने की दिशा में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि सुठालिया में बनने वाला यह स्टेडियम न केवल स्थानीय युवाओं को खेल के बेहतर अवसर प्रदान करेगा, बल्कि क्षेत्र की पहचान को भी नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

## संत शिरोमणि सेन महाराज की 726वीं जन्म जयंती पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब



**कुरावर।** नगर में गुरुवार को संत शिरोमणि श्री सेन जी महाराज की 726वीं जन्म जयंती श्रद्धा, उत्साह और भव्यता के साथ मनाई गई। सर्वसेन समाज के तत्वावधान में आयोजित इस आयोजन ने पूरे नगर को भक्तिमय माहौल में सराबोर कर दिया। दोपहर करीब 4 बजे श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर परिसर से भव्य चल समारोह निकाला गया, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ अग्रवाल मांगलिक भवन पहुंचा। चल समारोह में श्रद्धालुओं की भारी भीड़, जयकारों की गूंज और धार्मिक उल्लास देखते ही बन रहा था। अग्रवाल मांगलिक भवन में संत श्री सेन जी महाराज की विधिवत पूजा-अर्चना एवं महाआरती की गई। इसके पश्चात आयोजित कार्यक्रम में समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं, वरिष्ठजनों एवं सेवानिवृत्त नागरिकों का शाल-श्रीफल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारे (स्नेह भोज) का आयोजन कर सभी समाजजनों को प्रसादी वितरित की गई। मुख्य अतिथि विधायक मोहन शर्मा ने अपने संबोधन में सेन समाज से अपने आत्मीय जुड़ाव को याद करते हुए कहा कि उनके राजनीतिक जीवन की शुरुआत भी समाज के बीच से हुई है। उन्होंने आश्वस्त किया कि वे सदैव सेन समाज के साथ खड़े रहेंगे। साथ ही समाज धर्मशाला के लिए भूमि चयन कर निर्माण हेतु आर्थिक सहयोग देने की घोषणा भी की। समाज प्रदेश अध्यक्ष हीरालाल श्रीनिवास ने समाज को संगठित होकर आगे बढ़ने का आह्वान किया।